फा सं. 3.10(2)/एफ. डी./2021-सा.-I
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड
नई दिल्ली-110069

दिनांक : 16 सितम्बर, 2021

**विषय: <u>संघ लोक सेवा आयोग में 01.10.2021 को आयोजित किए जाने वाले 95वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर यादगार के रूप में वितरित किए जाने वाले कॉफी मगों के प्रापण के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (नि.आ.सू.)।</u>**

दिनांक 01.10.2021 को संघ लोक सेवा आयोग के 95वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर यादगार के रूप में वितरित किए जाने वाले कॉफी मगों के प्रापण के लिए दो बोली प्रणाली के अंतर्गत बोलियां आमंत्रित की जाती हैं । **इस मद की विनिर्दिष्टताओं को अनुबंध-'क' में वर्णित किया गया है । जैसाकि विनिर्देशनों से देखा जा सकता है कि उक्त आवश्यकता अंकित और मुद्रित कॉफी मगों के लिए है और तदनुसार बोली प्रस्तुत की जाए ।**

निविदा दस्तावेज़ आयोग को वेबसाइट www.upsc.gov.in से क्रिटिकल डेट शीट में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार डाउनलोड किया जा सकता है ।

**<u>निविदा आमंत्रण सूचना की सामान्य निबंधन एवं शर्तें</u>**

<u>क्रिटिकल डेट शीट</u>

| | |
|---|---|
| प्रकाशित किए जाने की तारीख | 16.09.2021 |
| बोली दस्तावेज़ को डाउन लोड / बिक्री प्रारंभ करने की तारीख | 16.09.2021 |
| बोली प्रस्तुतीकरण के प्रारंभ होने की तारीख | 16.09.2021 |
| बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख | 20.09.2021 को 3.00 बजे तक |
| बोली खोलने की तारीख | 20.09.2021 को 3.30 बजे |

**बोलियां केवल स्वागत, गेट "सी", संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069 पर रखे गए निविदा बॉक्स में आफ लाइन रूप में प्रस्तुत की जाएं ।**

**नमूने केवल सामान्य-I स्टोर, कमरा सं. 11 ए, भूतल, आयोग सचिवालय बिल्डिंग, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069 को ही प्रस्तुत किए जाएं ।**

**1. <u>बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया</u>**

1.1 निविदा दो भागों में केवल ऑफलाइन रूप में प्रस्तुत की जाए जैसे तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली। दस्तावेज़ों को अपलोड किए जाने से पहले प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठों को दस्तावेज़ों की विषय वस्तु की प्रकृति से असंबद्ध रहते हुए बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित तथा क्रमिक रूप से संख्या डाली जानी चाहिए। एकल भाग अथवा फोल्डर के रूप में अपलोड की गई बोलियां सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दी जाएंगी।

**टेलीग्राम / फैक्स / ई-मेल तथा किसी अन्य विधि द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा । इस मुद्दे पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।**

**2. तकनीकी बोली**

2.1 बोलीदाता को निविदा आमंत्रण सूचना तथा अनुबंध-ड. के अनुसार जांच सूची में उल्लिखित दस्तावेज़ों की स्कैन की गई प्रतियां, जिन पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षर किए गए हों, प्रस्तुत करनी चाहिएं।

2.2 कोई भी संशोधन / ओवर राईटिंग, कांट छांट आदि बोलीदाता द्वारा अपने हस्ताक्षर करके विधिवत सत्यापित की जानी चाहिए ।

**3. वित्तीय बोली**

3.1 वित्तीय बोली को अनुबंध - क के अनुसार प्ररूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

3.2 तकनीकी बोली और वित्तीय बोली दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में रखी जानी चाहिए। यदि दोनों बोलियां एक ही लिफाफे में पाई जाएंगी तो बोली को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा ।

**4. पात्रता मानदंड**

(कृपया तकनीकी बोली के साथ आवश्यक अनुसमर्थक दस्तावेज संलग्न करें)

4.1 सक्षम प्राधिकारी से उपयुक्त लाइसेंस के साथ सभी वैधानिक अपेक्षाएं होनी चाहिएं, जैसे,

4.1.1 जी.एस.टी. पंजीकरण संख्या
4.1.2 फर्म पंजीकरण प्रमाणपत्र
4.1.3 आयकर रिटर्न सहित पैन कार्ड

4.2 निविदा के सभी पृष्ठों पर कंपनी / फर्म के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिएं।

4.3 सं.लो.से.आ. बिना कोई कारण बताए निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार / अस्वीकार/ रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**5. धरोहर जमा राशि (ईएमडी)**

**किसी धरोहर जमा राशि की अपेक्षा नहीं है ।**

**6.** बोलीदाता को निविदा प्रपत्र के अनुसार पूर्ण रूप से अपनी बिना किसी शर्त दरें उद्धृत करनी होंगी। निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से मोहर लगाई जानी चाहिए तथा हस्ताक्षर किए जाने चाहिएं ।

**7.** बोलियां, तकनीकी बोली खोले जाने की तारीख से बोली स्वीकार्यता हेतु 6 माह की अवधि के लिए वैध रहेंगी। कम वैधता अवधि वाली बोलियों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**8. बोली का तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन**

8.1 बोली का मूल्यांकन, इस उद्देश्य के लिए गठित निविदा मूल्यांकन समिति (नि. मू. स.) द्वारा किया जाएगा।

8.2 सभी बोलीदाताओं से निविदा मूल्यांकन समिति के मूल्यांकन हेतु मुद्रित कॉफी मग के नमूने प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है ।

8.3 बिना नमूने वाली बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा । बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत नमूने का उक्त समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा और तकनीकी रूप से अर्हता प्राप्त फर्म की ही वित्तीय बोलियों को खोला जाएगा ।

8.4 यह सूचित किया जाता है कि संघ लोक सेवा आयोग का फोटो और स्थापना दिवस का विवरण कॉफी मगों पर अंकित हो । इस प्रयोजन के लिए, बोलीदाता संघ लोक सेवा आयोग की बिल्डिंग की फोटो लेंगे और यदि अपेक्षित हो तो वे निविदा मूल्यांकन समिति के अनुमोदन के लिए फोटो सहित कस्टमाइज कॉफी मग प्रस्तुत करेंगे ।

8.5 संविदा उसी फर्म को प्रदान की जाएगी जो निविदा आमंत्रण सूचना की सभी शर्तों और निबंधनों को पूरा करती हो तथा जिसने सबसे कम दरें उद्धृत की हों।

8.6 कर की यथालागू दरें, मूल्य अनुसूची में अलग से उद्धृत की जानी चाहिए। अन्यथा, यह माना जाएगा कि उद्धृत की गई दरें, कर सहित हैं और दरों में वृद्धि के लिए आगे किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

8.7 कर सहित तथा कर रहित दरों में किसी भी भिन्नता के मामले में, वित्तीय मूल्यांकन के दौरान केवल कर सहित दरों पर ही विचार किया जाएगा। इस मुद्दे पर संबंधित फर्म से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**9. अन्य निबंधन और शर्तें:**

9.1 सशर्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

9.2 कार्य, कार्य आदेश के अनुसार निष्पादित किया जाना है।

9.3 चयनित फर्म को आदेश की सम्पूर्ण आपूर्ति दिनांक 29/09/2021 तक सौंपनी होगी ।

9.4 सभी मदों को साइट पर लाने / ले जाने की जिम्मेदारी पूर्णत: फर्म की है।

9.5 सभी सामग्री मानक गुणवत्ता वाली, और एक जैसी होनी चाहिए।

9.6 अपेक्षित मात्रा तथा दिए गए विनिर्देश अनुमानित हैं तथा परिस्थिति के अनुरूप इसमें परिवर्तन संभव है और यदि आवश्यक हुआ तो इनमें कुछ बढ़ोतरी या कमी की जा सकती है।

9.7 वास्तव में प्राप्त की गई मात्रा के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

9.8 सभी सामग्री बहुत अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिए । जो सामग्री अच्छी गुणवत्ता की नहीं होगी उसके लिए बिल से समुचित कटौती की जाएगी ।

9.9 जो सामग्री विनिर्देशनों के अनुरूप नहीं होगी उसे सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को अस्वीकार करने का अधिकार हैं ।

**10 जोखिम क्रय खंड :-**

यदि आपूर्तिकर्ता, बोली प्रस्तुत करने के बाद और इसकी स्वीकृति हो जाने पर अर्थात् कार्य आदेश जारी किए जाने के बाद, निविदा दस्तावेजों के इन निबंधनों और शर्तों का पालन करने में विफल रहता है, या सुपुर्दगी के नियत समय के अनुसार सामग्री आपूर्ति करने में विफल रहता है या अनुबंध को रद्द करता है तो संघ लोक सेवा आयोग को उसके लिए जुर्माना लगाने का अधिकार होगा।

**11. मध्यस्थता :-**

संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म के बीच या इस संविदा के किसी निष्कर्ष, अर्थ तथा प्रचालन से पैदा होने वाले सभी प्रश्न, विवाद या मतभेद या संविदा भंग होने की स्थिति में विवाद का निपटान मध्यस्थता तथा समाधान अधिनियम, 1996 के उपबंधों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त माध्यस्थ द्वारा किया जा सकेगा और उसका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म दोनों के लिए बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता का स्थान दिल्ली होगा ।

**12.** बोलीदाता को एक वचनबंध प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की तुलना में किसी अन्य मंत्रालय / सरकारी संगठन में कम दर उद्धृत नहीं की है। वचनबद्ध अनुबंध-'घ' पर दिए गए निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**13. भुगतान शर्तें :-**

13.1 उपर्युक्त व्यवस्थाओं के आयोजन के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

13.2 मदों की प्राप्ति और वितरण के बाद भुगतान किया जाएगा जिसके लिए संबंधित पक्षकार को अपना बिल तीन प्रतियों में इस कार्यालय के सामान्य-1 अनुभाग में प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

14. प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन और शर्तें स्वीकार्य हैं।

15. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को बिना कोई कारण बताए किसी बोली को पूर्णतया अथवा उसके भाग को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है। इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम और फर्म पर बाध्यकारी होगा ।

(अनिल कुमार)
अवर सचिव (सा.I)
दूरभाष नंबर - 23382415

**अनुबंध - क**

**<u>संघ लोक सेवा आयोग के 95वें स्थापना दिवस के अवसर पर यादगार के रूप में कॉफी मगों के प्रापण के लिए बोलियों को प्रस्तुत करने का प्ररूप</u>**

**फर्म का नाम एवं पता** :-

टेलीफोन नं.

कार्यालय -

आवास -

मोबाइल -

संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम एवं दूरभाष सं. :

| क्र.सं. | मद | आकार/ विनिर्देश | अपेक्षित मात्रा | उद्धृत दरें | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ड.= गxघ) |
| 1. | कॉफी मग** (दो का सैट) | मग पर "संघ लोक सेवा आयोग का 95वां स्थापना दिवस" अंकित होना चाहिए<br>प्रत्येक मग पर सं.लो.से.आ. का फोटो* मुद्रित होना चाहिए ।<br>------------------------------<br>बोन चाइना (350 एमएल) | 2500 सैट | रू.--------/- सैट | |
| जीएसटी / कोई अन्य सरकारी शुल्क (यदि कोई हो) | | | | | |
| कुल उद्धृत मूल्य | | | | | |

***मग पर फोटो और टेक्स्ट निविदा मूल्यांकन के लिए गठित समिति द्वारा अनुमोदित होना चाहिए ।**

**** दो मगों के सैट की पैकिंग में उपर्युक्त उद्धृत दर शामिल होनी चाहिए ।**

**ध्यान दें:**

**क) वास्तविक अपेक्षा के आधार पर मात्रा को बढ़ाया / घटाया जा सकता है।**

**ख) जीएसटी या किसी अन्य सरकारी कर की दर, यदि कोई हो, को अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए, अन्यथा यह माना जाएगा कि उद्धृत दर में कर शामिल है।**

**(प्रोपराइटर के हस्ताक्षर)**

**एवं फर्म / कंपनी की मुहर)**

<u>**अनुबंध-ख**</u>

## <u>निविदा प्रपत्र</u>

## <u>यादगार के रूप में कॉफी  मगों के प्रापण के लिए निविदा</u>

दिनांक -------------

सेवा में

श्री अनिल कुमार,
अवर सचिव (बै. एवं अनु.),
संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस,
शाहजहां रोड, नई दिल्ली–110069

संदर्भ : दिनांक --------------------- का आपका निविदा जांच दस्तावेज सं.---------------

हम, अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा जांच दस्तावेज़ को पढ लिया है और प्रत्येक मद के नमूने देख लिए हैं। अब हम विहित प्ररूप में दिए गए विनिर्देशों  के अनुरूप कॉफी  मगों की आपूर्ति करने का प्रस्ताव रखते हैं। विहित प्रारूप में हमारी वित्तीय बोली एतदद्‌वारा संलग्न हैं, जो इस निविदा का भाग बनाई जाती है। निविदा जांच दस्तावेज के अनुसार अपेक्षित अन्य दस्तावेज/ कागज़ात भी इसके साथ संलग्न हैं।

2. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम उपर्युक्त निविदा जांच के निबंधन और शर्तों के अनुसार वित्तीय बोली में उद्‌धृत दरों पर यथा वर्णित सामान की आपूर्ति करने का वचन देते हैं।

3. हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि उपर्युक्त अवधि के भीतर आपकी लिखित स्वीकृति के साथ पठित यह बोली हमारे बीच एक बाध्यकारी संविदा बनेगी ।

4. हम यह भी समझते हैं कि आप न्यूनतम या कोई बोली जो आपकी ऊपर संदर्भित निविदा जांच के प्रति प्राप्त करते हैं, को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं।

5. हम उपर्युक्त निविदा जांच के सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करते हैं ।

------------------

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

------------------

(नाम और पदनाम)

----------------------------------------------

के लिए और की ओर से निविदा
पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

-------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

टिप्पणी : फर्म की कार्यालय मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर इस प्ररूप में प्रत्येक पृष्ठ पर किए जाने हैं ।

<u>अनुबंध-ग</u>

**<u>यादगार के रूप में कॉफी  मगों के प्रापण के लिए निविदा</u>**

<u>फर्म का विवरण</u>

(फर्म के पत्र शीर्ष पर)

1. फर्म का नाम : ------------------------------------
2. कार्यालय का पता : ---------------------------------
3. दूरभाष सं. :        कार्यालय :..................... आवास : .............................

   मोबाइल :- .................. फैक्स सं. : ..........................
4. फर्म के निदेशक/ साझेदार/ मालिक का विवरण
   नाम :
   आवासीय पता (पते) :
   मोबाइल सं. : (संख्याएं) :
5. जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र :
   (पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न की जाए)
   फर्म/ मालिक का पैन सं. :
6. यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म को किसी सरकारी विभाग द्‌वारा न तो काली सूची में डाला गया है और न ही भारत में किसी भी स्थान पर फर्म या उसके मालिक/ साझेदार के विरूद्‌ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत/ लंबित है ।

--------------------

(तारीख सहित हस्ताक्षर)

--------------------

(नाम और पदनाम)

---------------------- के लिए और की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

----------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

<u>अनुबंध-घ</u>

**<u>यादगार के रूप में कॉफी  मगों के प्रापण के लिए निविदा</u>**

**<u>वचनबंध</u>**

हम.....................................................................................................................

......................................................................................................................

(फर्म का नाम तथा पता) दिनांक .............................. की संघ लोक सेवा आयोग की निविदा आमंत्रण सूचना के प्रत्युत्तर में निम्नानुसार सत्यापित करते है:

"हमारे द्वारा उद्धृत की गई दर अन्य किसी भी मंत्रालय / सरकारी संगठन के लिए समान मदों के लिए उद्धृत की गई दरों से अधिक नहीं है"।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

(रबड़ की मोहर सहित फर्म / बोलीदाता का नाम तथा पता)

**<u>अनुबंध- ड.</u>**

## <u>जांचसूची</u>

| क्रम सं. | विवरण | हां या नहीं |
|---|---|---|
| 1. | विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र | |
| 2. | निर्धारित प्रपत्र के अनुसार प्रपत्र में विधिवत भरी हुई वित्तीय बोली (अनुबंध - क) | |
| 3. | पैन कार्ड की स्व-अनुप्रमाणित प्रति | |
| 4. | जी एस टी आई एन सं. सहित जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र | |
| 5. | अनुबंध- ख के अनुसार निविदा प्रपत्र | |
| 6. | अनुबंध- ग के अनुसार फर्म का विवरण | |
| 7. | अनुबंध-घ में वचनबंध | |
| 8. | ई-मेल आई डी तथा वेबसाइट | |
| 9. | स्थापना का वर्ष | |
| 10. | जीएसटी पंजीकरण सं. | |
| 11. | अपेक्षानुसार कोई अन्य मद | |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
(फर्म का नाम तथा पता)